

# घर पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कब..?

## महापौर-निगमायुक्त द्वारा कई बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी सामने आ रहे कागजी दावे

रजनीशकांत द्विवेदी

**सतना 4 जनवरी. देश के सबसे अधिक स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल का उपभोग करने के चलते दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत जैसी गंभीर घटना सामने आने के बाद अन्य स्थानों पर टैप वॉटर की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं.**

इसी कड़ी में सतना नगर निगम क्षेत्र के कई रहवासियों द्वारा भी उनके घरों में पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की जाती रही है. लेकिन लोगों के घरों तक पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता की जमीनी स्तर पर जांच किए बिना ही केवल फिल्टर प्लांट के जल की शुद्धता का प्रचार-प्रसार ही जोर पकड़ता दिखाई दे रहा है. लगभग साढ़े 3 लाख की जनसंख्या



वाले सतना नगर निगम क्षेत्र में 40 हजार से कुछ अधिक वैध नल कनेक्शन हैं. शहर में आमजन के घरों तक पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पहले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास थी. लेकिन कुंभ काल के थोड़ा पहले यह जिम्मेदारी नगर निगम को सौंप दी गई. शहर के पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी नगर निगम को मिलने के कुछ समय बाद ही केंद्र सरकार द्वारा अमृत मिशन योजना आरंभ की गई. जिसके बाद स्मार्ट सिटी में सम्मिलित होने के बाद सतना शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए होने वाली फंडिंग की राशि कई गुना अधिक बढ़ गई. नतीजतन नगरवासियों के घरों में 24 घंटे जलापूर्ति का दावा करते हुए शहर में नए सिरे से पाइप लाइन बिछई गई. इसी कड़ी में एनीकट से लेकर फिल्टर प्लांट तक की ढांचागत व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन का दावा किया जाने लगा. इतना ही नहीं बल्कि शहर भर में 2 दर्जन पानी की टंकियों का जाल भी बिछ गया. इन तमाम दावों के बीच आम उपभोक्ताओं से वसूली जाने वाले जलकर में 10 गुना से अधिक की बढ़ोत्तरी भी कर दी गई. नगर वासियों ने इस नई व्यवस्था को यह सोचकर हंसते-हंसते अंगीकार कर लिया कि उनके घरों में पानी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा. लेकिन हुआ उसका उल्टा, एक ओर जहां दावों का प्रचार-प्रसार दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ता रहा. लेकिन वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में कहीं से किसी तरह की गुंजाइश के संकेत सामने नहीं आए. लोगों के घरों में 24 घंटे जलापूर्ति का दावा घंटे भर से ऊपर नहीं पहुंच सका. वहीं नई पाइपलाइन का संजाल बिछने के बावजूद भी लोगों के घरों में कभी मिट्टी युक्त पानी तो कभी पानी में कीड़े तैरते नजर आए. रहवासियों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद कुछ स्थानों पर ननि की पेयजल शाखा का अमला कुछ समय के लिए सक्रिय तो हुआ. लेकिन समस्या जस की तस बनी रही. आलम यह है कि घरों में गंदा पानी पहुंचने की शिकायत वार्ड के रहवासियों द्वारा ननि के जिम्मेदारों से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक में कर डाली. लेकिन उन्हें अब भी अपनी समस्या के समाधान का इंतजार ही करना पड़ रहा है.

### गुम हो गई अमृत मित्र योजना

डेढ़ वर्ष पहले ही डे-एनएलयूएम योजना के अंतर्गत अमृत मित्र महिला स्वसहायता समूहों द्वारा शहर के सभी वार्डों में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य आरंभ हुआ था. जिसके अंतर्गत एक ओर जहां पोर्टेबल वाटर टेस्टिंग किट के माध्यम से मौके पर ही घरेलू नल के जल की गुणवत्ता का परीक्षण करना था. वहीं दूसरी ओर घरेलू टैप वाटर का सैंपल एकत्र कर उसकी परीक्षण प्रयोगशाला में करया जाना था. दावा किया गया कि एनएलयूएम के 6 समूहों द्वारा शहर के 45 वार्डों से 500 से अधिक सैंपल लिए गए. लेकिन घरेलू नल के पानी की जांच की जमीनी हकीकत का अंदाजा उपभोक्ताओं द्वारा लगातार गंदे पानी की शिकायतों के जरिए आसानी से की जा सकती है. इस मामले में ननि के पेयजल प्रभारी रोजल प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के हर पानी की टंकी का प्रतिदिन नमूना लिया जाता है. वहीं उपभोक्ता के घर से नमूने लिए जाने का काम साप्ताहिक होता है. लेकिन ननि के पेयजल प्रभारी के दावे को यदि सही माना जाए तो इतने लंबे समयांतराल तक शहर के 40 हजार कनेक्शनों की जांच पूरी हो जानी चाहिए थी. लिहाजा घरेलू टैप वाटर की जांच-निगरानी व्यवस्था किस हाल में है यह किसी से छिपा नहीं है.

### निर्देश बार-बार हुए बेअसर

महापौर की जिम्मेदारी संभालने के बाद महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा इस बात पर जोर दिया कि लोगों के घरों में पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता की असली कसौटी है. इसे लेकर महापौर द्वारा कई बार पेयजल प्रभारी सहित मातहत अमले को निर्देश भी दिए गए. लेकिन निर्देशों पर कोई अमल होता न देख सितंबर 2024 में आयोजित एमआईसी की बैठक में महापौर द्वारा पेयजल प्रभारी सहित अमले को इस बात की स्पष्ट ताकीद की गई कि प्रत्येक वार्ड में उच्च स्तरीय टंकियों के साथ-साथ कम से कम 5-5 उपभोक्ताओं के घरों से पेयजल का नमूना लेकर उसका प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाए. इसी कड़ी में पाइप लाइन की नियमित जांच करते हुए उन्हें दुरुस्त कराया जाए. गौरतलब है कि महापौर द्वारा दी गई इस सख्त ताकीद को डेढ़ वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है. लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम होता न देख उन्हें एमआईसी सदस्यों के साथ महज फिल्टर प्लांट के पेयजल की गुणवत्ता का प्रचार-प्रसार तक सीमित रहने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है. तस्वीरें देखकर नगरवासी भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि उनके घरों में पहुंचने वाली पानी की जांच कब होगी.



# लगी नहीं बल्कि लगाई गई थी दुकान में आग

## सीसीटीवी फुटेज में नजर आया युवक

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी,शहर के प्रेमनगर इलाके में किराना दुकान में लगी आग के मामले का खुलासा हो गया है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद साफ हो गया कि आग अपने आप नहीं लगी थी, बल्कि किसी ने जानबूझकर आगजनी की थी।**

वीडियो में एक अज्ञात युवक दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगाता हुआ दिखाई दे रहा है। यह घटना 1 जनवरी की रात की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया। दुकान मालिक अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 1 जनवरी की रात करीब 11 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 3 बजे उनकी पत्नी सोनी विश्वकर्मा ने उन्हें जगाया और बताया कि दुकान की ओर से टूटने जैसी आवाज आ रही है। जब वे मौके पर पहुंचे तो दुकान में आग लगी हुई थी।

### मदद से बुझाई आग

अतुल विश्वकर्मा ने अपने बच्चों की मदद से किसी तरह आग बुझाई। हालांकि, तब तक दुकान में रखा किराना सामान और बिक्री की नकद राशि पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना में दुकानदार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। शुरुआत में आग लगने के कारण साफ नहीं थे, लेकिन अब सीसीटीवी फुटेज से आगजनी की पुष्टि हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है और अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# महापौर ने फिल्टर प्लांट का किया औचक निरीक्षण,जांची पानी की गुणवत्ता

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, महापौर योगेश ताम्रकार ने रविवार को मेयर इन काउंसिल सदस्यों के साथ कोलगवां स्थित फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण कर पानी की गुणत्ता का परीक्षण किया.**



महापौर योगेश ताम्रकार अपने मेयर ईन काउंसिल के सदस्य गोपी गेलानी, जल विभाग के सदस्य आदित्य यादव, अभिषेक तिवारी अंशु, पी.के जैन, डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, जल संयंत्र प्रभारी रोजल सिंह, उपयन्त्री विद्यानिवास बागरी, उपयन्त्री हिमांशु एवम जल शोधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो के साथ फिल्टर प्लांट का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये, महापौर ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ जल शहरवासियो को प्रदान हो किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य मानी जायेगी, सभी को अपने अपने कर्तव्य का पालन करना ही होगा, साथ ही जिम्मेदार अधिकारियो के नाम और नम्बर सभी जोनल कार्यालय के बाहर लिखने हेतु निर्देशित किया और जनता से सहयोग करने हेतु कहा कि किसी भी प्रकार का जल पाईप से लीकेज और पाईपलाईन टूटने पर तुरंत जानकारी दे, साथ ही वार्डो मे जल आपूर्ति हेतु निर्मित टंकियो की भी समय समय पर सफाई करवाने हेतु निर्देशित किया

# कार की टक्कर से ऑटो पलटा, आधा दर्जन से अधिक घायल

## नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत रेरुआ के पास हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत रेरुआ के पास आज दोपहर करीब 1 बजे एक सड़क हादसा हो गया। सितपुरा से नगौद की ओर जा रहे एक ऑटो को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी।**

टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो चालक सहित आधा दर्जन से अधिक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में भारती



विश्वकर्मा (27 वर्ष), पति लवकेश, निवासी मौहटा थाना सिंहपुर, उनके साथ उनका पुत्र शुभ (6 वर्ष) एवं पुत्री श्रेया (4 वर्ष) शामिल हैं।

इसके अलावा मनीषा विश्वकर्मा (32 वर्ष), पति दिनेश, निवासी खमरिया खुर्द थाना नगौद, उनके पुत्र आकाश (10 वर्ष), रितिक (9 वर्ष) और नयनसुख (7 वर्ष) भी घायल हुए हैं। सभी सितपुरा से उर्दना जाने के लिए ऑटो में सवार थे। ऑटो चालक की पहचान राजेश शुक्ला, पिता महेश प्रसाद, उम्र 55 वर्ष, निवासी राजरवारा के रूप में हुई है।



# शिक्षक आदित्य प्रकाश के सेवानिवृत्ति पर भावुक हुईं आंखें

## आत्मीय जनों ने किया स्वागत सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, भारतीय संस्कृति में गुरू को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया जाता है. सतना जिले के एक स्कूल से जब एक गुरूजी रिटायर हुए तो सभी लोग पड़े.शिक्षक आदित्य प्रकाश मिश्रा भी अपने आंसू नहीं रोक पाए।**

शिक्षक आदित्य प्रकाश मिश्रा के रिटायर होने पर विदाई समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घूरडांग सतना में पदस्थ शिक्षक आदित्य प्रकाश मिश्रा ने 42 साल तक अध्यापन कार्य किया। निर्विवाद रूप से छात्राओं और स्टाफ के चहेते, सभी से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने वाले शिक्षक के रिटायर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एक शिक्षक और छात्र का रिश्ता बेहद अनमोल होता है. वह छात्र के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करता है. स्कूल से लेकर कॉलेज और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए उसे तैयार करता है, ताकि एक दिन जब वह अपने करियर की ऊंचाइयों पर पहुंचे। बता दें कि शिक्षक आदित्य प्रकाश मिश्रा सतना जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम तिघरा के रहने वाले हैं सन् 1983 से सहायक शिक्षक के पद से नौकरी की शुरुआत की उन्होंने मझगवां विकासखंड के गुढ़वा, तिघरा, झखौरा व सोहावल ब्लॉक के लिलौरी, बदखर व घूरडांग में सेवा देकर सेवानिवृत हो गए।

### चहेते टीचर की विदाई में भावुक हुए छात्र

दरअसल घूरडांग के सरकारी स्कूल के मास्टर साहब का विदाई समारोह आयोजित किया गया था. जिसमें अध्यापक की विदाई पर स्कूल के बच्चों की आंखें आंसुओं से भरी दिखी. जिसका करण उनके चहेते टीचर का विद्यालय में आखिरी दिन था। शिक्षक आदित्य प्रकाश भी अपने प्यारे बच्चों को देखकर काफी भावुक हो गए. शिक्षक और बच्चों के बीच इस अनोखे रिश्ते को देखकर वहां मौजूद अन्य शिक्षक, स्कूल स्टाफ, प्राचार्य की भी आंखें नम हो गईं।

# अनुपमा ने बताई भारत के युवा नेतृत्व की नई परिभाषा

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, जब भारत अपने भविष्य की बागडोर युवाओं के हाथों सौंपने की बात करता है, तब कुछ नाम केवल उपलब्धियों के कारण नहीं, बल्कि विचारों की स्पष्टता, दृष्टि की परिपक्वता और अभिव्यक्ति की प्रभावशीलता के कारण विशेष पहचान बनाते हैं।**

विकसित भारत ङ्क युवा नेता संवाद में चयनित प्रतिभागियों में अनुपमा पटनहा ऐसी ही एक प्रभावशाली युवा वक्ता के रूप में उभरकर सामने आई हैं—एक ऐसी आवाज़, जिनके शब्द केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि दिशा देने वाला विचार बनते हैं।

देशभर से चयनित युवाओं को प्रश्नोत्तरी चरण, निबंध लेखन चरण



और प्रस्तुतीकरण चरण जैसी बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। विचारों की इस कठोर कसौटी पर अंतत: केवल शीर्ष आठ प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिनमें अनुपमा पटनहा को भोपाल में आयोजित साक्षात्कार चरण के लिए आमंत्रित किया गया। यह उपलब्धि उनकी बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ एक संतुलित और जिम्मेदार वक्ता के रूप में उनकी परिपक्वता को भी रेखांकित करती है।अनुपमा पटनाहा, श्री अरविंद पटनहा एवं श्रीमती मीना पटनहा की सुपुत्री हैं और वर्तमान में एकेएस यूनिवर्सिटी में विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने सार्वजनिक मंचों पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। युवा महोत्सव में उन्होंने जिला स्तर पर प्रथम स्थान तथा क्षेत्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि उनकी वक्तृत्व क्षमता केवल अभ्यास का परिणाम नहीं, बल्कि गहन विचार और सामाजिक समझ से उपजी हुई है।उनकी प्रतिभा का विस्तार शैक्षणिक और सांस्कृतिक मंचों से आगे बढ़कर लोकतांत्रिक संस्थाओं तक पहुँचा है।

### लीला देवी तिवारी का निधन

**सतना 4 जनवरी,** मझियार ग्राम पंचायत सरपंच उमेश तिवारी एवं शाखा प्रबंधक सेवा सहकारी समिति सिंहपुर राजेश तिवारी



की मां एवं अधिवक्ता भागवत मिश्रा की बुआ लीला देवी तिवारी का निधन लंबी बीमारी के चलते दिनांक 2 जनवरी 2026 को हो गया जिनका पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मझियार में पूरे परिवार ग्रामवासी क्षेत्रीय जन एवं समस्त रिश्तेदारों की उपस्थिति में किया गया जिन्हें मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र प्रदीप तिवारी द्वारा प्रदान की गई.

## एक नजर में



### सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 27 से

**सतना ।**समाज के युवा साथियों द्वारा सतना शहर में बृहद स्तर पर सिंधु प्रीमियर लीग टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जनवरी 27 से 1 फरवरी तक किया जा रहा है जो की शाम 6 बजे से 11 बजे तक होना तय हुआ है । टीम द्वारा खेल कूद का विशाल कार्यक्रम शहर में दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है पिछले वर्ष की अपार सफलता के बाद इस वर्ष समाज के युवा वर्ग में इस टूर्नामेंट के प्रति जबरजस्त उत्साह एवम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है .

### शीरीन खान को मिला विंध्य गौरव अवॉर्ड

**सतना।** जिले की बेटी शीरीन खान ने एक बार फिर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित विंध्य गौरव अवॉर्ड 2026 (सीज़न-5) से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 16 जनवरी 2026 को बुंदेलखंड भवन, भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित किया जाएगा, जहां प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।



### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की बैठक आज

**सतना।** समस्त विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सतना के सदस्यो को अवगत कराया जाता है कि आज दिन सोमवार दिनाँक 5 जनवरी को श्रमकल्याण केंद्र प्रेमनगर में दोपहर 12 बजे से नव वर्ष मिलन इस वर्ष की शाखा की घोषणा सदस्यो की समस्यों पर चर्चा नवागत साथियो का सम्मान आदि कार्यक्रम सम्पादित किये जावेगें।

### इंदौर की घटना से पूरी प्रशासनिक व्यवस्था शर्मसार : सुरेंद्र

**सतना ।**जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने इंदौर में दूषित पेयजल त्रासदी से हुई मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सम्बद्ध जिम्मेदार लोगों पर जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए इस हृदय विदारक घटना ने ज़िम्मेवार विभाग की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया जो लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं करा पा रहा.

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर एबीवीपी का प्रतिभा सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत, जिला सतना द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतना सांसद गणेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी तथा विशिष्ट




अतिथि के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे मंचासीन रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में ज्ञान, राष्ट्रभाव और सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित करना रहा, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान और चरित्र निर्माण के माध्यम से ही राष्ट्र सशक्त बनता है।

### देश की राजनीति में नया दौर : गणेश

अपने संबोधन में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आज देश की राजनीति में एक नया दौर चल रहा है, जहां विचारधाराओं पर सुनियोजित और बहुआयामी हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में विभिन्न विचारधाराओं का मिश्रण हुआ और अब विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# मां गोदाम्बा रंगनाथ महोत्सव में झूमे श्रद्धालु, सजाई आकर्षक झांकी

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, श्री रामानुज वैष्णव संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में मैहर बायपास श्याम अंकित माहेश्वरी भवन में आयोजित मां श्री गोदाम्बा रंगनाथ स्वामी महोत्सव के दौरान सतना नगर पूरी तरह भक्ति, श्रद्धा और उल्लास में डूबा नजर आया।**

इस पावन अवसर पर श्री रामानुज वैष्णव मंडल के अनुयायियों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी सहभागिता कर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पूरे नगर में भजन, कीर्तन, मंगलाचरण और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे



वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर और शोभा यात्रा मार्ग पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। हर वर्ग और आयु के लोगों ने मां गोदाम्बा रंगनाथ स्वामी के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उल्लास और भक्ति भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में निकाली गई भव्य झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। मां गोदाम्बा रंगनाथ स्वामी की सजीव झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक रामानुजाचार्य, रामानुज स्वामी एवं भगवान रंगनाथ की अलौकिक और भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंडल के रामचरण गुप्ता ने बताया कि झांकियों के साथ प्रस्तुत भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत भावपूर्ण और मन को मुग्ध करने वाले रहे।

### भव्य श्रृंगार और पुष्पवर्षा से बढ़ी शोभा

मां गोदाम्बा जी को अत्यंत सुंदर और आकर्षक आभूषणों से सजाया गया, जबकि भगवान रंगनाथ को पीतांबर एवं पुष्प लताओं से अलंकृत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा करते हुए भगवान की झांकी का स्वागत किया और उसे अपने हृदय में संजो लिया। झांकियों की भव्यता ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

IRCTC
**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम—नवरत्न)
सीआईएन नंबर – L74899DLI999GOI101707

आईआरसीटीसी – वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई–टेंडर (दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:–

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
|---|---|---|
| रिफ्रेशमेंट रूम/जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई–टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:**– जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022–47509565–8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।